# HAMIRPUR POLICE

## नगर निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण/सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत कोतवाली सदर क्षेत्र अंतर्गत पैरामिलिट्री फोर्स/ पुलिस बल के साथ किया गया एरिया डोमिनेशन:-

आज दिनांक 06.05.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदया हमीरपुर के निर्देशन व श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के नेतृत्व में सदर सर्किल के पुलिस फोर्स द्वारा CISF कंपनी के साथ एरिया डोमिनेशन किया गया, इस दौरान रूट मार्च पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्रारंभ होकर बस स्टैंड से महिला थाना, रहुनिया धर्मशाला, हाथी दरवाजा, गौरा देवी तिराहा, खालेपुरा, सुभाष बाजार, विद्या मंदिर स्कूल, अकिल तिराहा, किंग रोड, जिला अस्पताल से कोतवाली सदर तक रूट मार्च किया गया, आमजन को शांतिपूर्ण व निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की गई, आमजन से वार्ता कर भरोसा दिलाया गया कि पुलिस/प्रशासन निष्पक्ष व सकुशल चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है, किसी भी अराजक तत्व व मतदान को प्रभावित करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर, प्रभारी निरीक्षक ललपुरा, सुमेरपुर, कुरारा, महिला थाना व उपनिरीक्षक सीआईएसएफ तथा संबंधित पुलिस बल मौजूद रहे।











